ही दिवंगत हो गए थे। शेष दो महाराज पृथ्वीसिंह तथा महाराज प्रतापसिंह क्रमशः जयपुर के शासक बने। महाराज की चार दासियों से रामदास व शिवदास नामक पुत्रों का जन्म हुआ था। कहते हैं उनका प्रातःकाल नाम लेने से भोजन नहीं मिलता था। ३५ तदनन्तर महाराज के दिवंगत होने का वर्णन है। महाराज पृथ्वीसिंह के दो रानियां थीं, जिनसे दो पुत्र उत्पन्न हुए थे, परन्तु वे शैशव में ही स्वर्गवासी हो गए थे। महाराज पृथ्वीसिंह के दिवंगत होने पर उनके लघु भ्राता प्रतापसिंह जयपुर के शासनाधिकारी बने। ३६

पञ्चदश सर्ग में महाराज प्रतापसिंह द्वारा अपना उपनाम 'व्रजनिधि' रखकर कवितायें लिखने, उनके १२ रानियां तथा ६ दासियां होने, जिनमें से श्री सुलतानसिंह रावल (जैसलमेर) की पुत्री भाटियाणी जी से महाराज जगतसिंह के उत्पन्न होने का वर्णन किया गया है। ३७ शेष रानियों से यादवेन्द्रकन्या (माणिक्यपाल की कन्या) से तीन सन्ततियां हुईं परन्तु सब बाल्यावस्था में ही दिवंगत हो गईं और इसी प्रकार चन्द्रावती महारानी से उत्पन्न दो पुत्रियां भी दैवयोग से जीवित न रह सकीं। महाराज के विवाह की तिथियों का भी महाकाव्य में उल्लेख है।३८ पुष्करतीर्थ के निकट राठोड़ जोधपुर नरेश महाराज फतहसिंह की पुत्री से महाराज ने विवाह किया था, ये आपकी सर्वान्तिम रानी थी। महाराज की आनन्दकंवरा, जेतकंवरा, रंगराय, कस्तूरी, राजकंवरा, विजयकंवरा आदि दासियों का भी उल्लेख किया गया है। मंत्री खुशालीराम की धूर्तता का भी उल्लेख किया गया है।३९ खुशालीराम ने महाराज को श्री प्रतापराव से युद्ध न करने की सलाह दी थी जिसके परिणामस्वरूप महाराज को अलवर का राज्य खोना पड़ा एवं पराजय की लज्जा से दुःखी होकर वे अस्वस्थ हुए और दिवंगत हो गए।४०

षोडश सर्ग में महाराज जगतसिंह के शासन संभालने का वर्णन है। महाराज के १५ रानियां एवं २१ दासियां थीं तथा दो वेश्यायें 'प्रिया' के रूप में विख्यात थीं। वेश्याओं में रसकपूर अत्यधिक कृपापात्रा थी। ४१ कवि ने स्पष्ट लिखा है कि महाराज को स्त्रियां ही सर्वाधिक प्रिय थीं, अतः राज्य की स्थिति अव्यवस्थित हो गई थीं। कतिपय दासी पुत्रों के जन्मवर्णन के पश्चात् महाराज भटियाणी जी के गर्भधारण करने परन्तु पुत्रोत्पत्ति से पहले ही महाराज के दिवंगत होने का वर्णन है। तदनन्तर नरवर के श्री मानसिंह द्वारा जयपुर का शासनाधिकारी बनने एवं मंत्री मोहनसिंहकी आज्ञा से शासन चलाने का उल्लेख है। बाद में वैशाख शुक्ला प्रतिपदा को भटियाणी जी से महाराज जयसिंह तृतीय के उत्पन्न होने का वर्णन है। श्री मानसिंह को अपदस्थ कर दिया और वह वृन्दावन जाकर देवलोकवासी हो गए। महाराज के चार रानियां थीं। चावड़ी रानी से एक पुत्री के उत्पन्न होने, किंतु अल्पावस्था में ही दिवंगत होने, श्री चन्द्रावती रानी के गर्भधारण करने पर वैद्यराज लल्लूराम के द्वारा उपचार करने पर रामसिंह द्वितीय नामक पुत्र के उत्पन्न होने का वर्णन है। ४२ महाराज रामसिंह की बाल्यावस्था में ही महाराज जयसिंह किसी भयंकर व्याधि से आक्रान्त हो गोलोकवासी हो गए।४३ लोगों में यह बात फैल गई की संधी झूंथालाल ने महाराज को मार दिया है तो लोगों ने जैन मन्दिर को लूट लिया और संधी को जान बचाकर भागना पड़ा।४४ अन्त में श्री वैरिशाल जी (सामोद) तथा चौमूं के ठाकुर श्रीकृष्णसिंह जी ने संधी आदि दुष्टों को चुनार में बन्दी बनाकर महाराणी जी को राज्य चलाने में सहयोग दिया। रामसिंह जी के चौलादि कर्मों एवं लल्लूराम जी द्वारा उनको

पुराण कथायें सुनाने के उल्लेख मिलते हैं।

सप्तदश सर्ग उपलब्ध महाकाव्य का अन्तिम सर्ग है। इस सर्ग में महाराज रामसिंह द्वितीय की शासनव्यवस्था व जयपुरशोभा के सुन्दर वर्णन उपलब्ध होते हैं। रावल जी शिवसिंह जी तथा श्री लक्ष्मणसिंह जी (चौमूं नरेश) आदि पांच मन्त्रियों की राय से सम्पन्न होने वाले उत्तम शासन का वर्णन किया गया है। रामसिंह जी के विवाहार्थ जोधपुर गमन, श्री लल्लूराम द्वारा रामसिंह जी के गुरुवर श्री पं० शिवदीन जी की चिकित्सा किये जाने एवं बाजुरि नामक यवन द्वारा महाराज को बाजों का खेल ४५ दिखलाने के वर्णन के साथ ही काव्य समाप्त होता है।

यद्यपि कच्छवंश महाकाव्य एक ऐतिहासिक महाकाव्य के रूप में हमारे सम्मुख आता है परन्तु इसमें स्थान-स्थान पर ऐतिहासिक व्युत्क्रम भी है, जिन पर हमें विचार करना चाहिये--

१. चतुर्थ सर्ग में पृथ्वीराज चौहान व पज्वन जी का समकालीन न होना--विवादास्पद है।

२. पांचवें सर्ग में वनवीर का शासनकाल ११ वर्ष १ माह व ६ दिन ऐतिहासिक है न कि श्री भट्ट का दिया हुआ समय ११ वर्ष ६ माह व ६ दिन।

३. भीम द्वारा गद्दी प्राप्त करने की विधि पर काव्य मौन है जब कि भीम ने पूर्णमल को मारकर गद्दी प्राप्त की थी।४६

४. श्री रत्नसिंह को आशकरण ने मार दिया था, जिसका स्पष्ट उल्लेख काव्य में नहीं है।

५. अष्टम सर्ग में महाराज मानसिंह के २४ रानियों का होना लिखा है जबकि ठाकुर हरनाथसिंह ने ३१ मुख्य रानियां बताई हैं एवं श्रृंगारवती को प्रमुख बताया है जबकि काव्य में कनकावती नाम हैं।

६. यज्ञ का आचार्यत्व श्री रत्नाकर पौण्डरीक द्वारा किया जाना इतिहासविरुद्ध है।४७

इतने बड़े महाकाव्य में कतिपय भूलें होना स्वाभाविक है। कवि भावनाओं एवं प्रमादवश भूलें कर सकता है परन्तु दूसरी ओर इस काव्य में ऐतिहासिक घटनाओं का जो प्रस्तुतिकरण किया गया है वह अन्य महाकाव्यों और विशेषतः संस्कृत महाकाव्यों में मिलना कठिन है। इस महाकाव्य में निम्नांकित ऐतिहासिक तत्त्व अवलोकनीय हैं--

१. महाराज ईशासिंह से लेकर महाराज रामसिंह पर्यन्त वंशावली।
२. रामगढ़ में 'जम्वायदेवी' के मन्दिर की स्थापना।
३. टेरकवि का आख्यान।
४. मथुरा में यज्ञ-यागादि, बादशाह फर्रुखशेयर के पास हुसैन अली खां का आगमन, मराठों का आतंक।
५. हिन्दुओं पर जजियाकर।
६. जयपुर का अश्वमेध यज्ञ।
७. जयपुर नगर की स्थापना व निर्माण।
८. जगत्शिरोमणि मन्दिर का निर्माण व स्थापना।

९. काव्य में दी गई अधिकतम तिथियां इतिहास सम्मत हैं।

१०. काव्य में वर्णित राजाओं के नाम, रानियों की संख्या, पुत्रों की संख्या एवं राजाओं के शासनकाल की गणना इतिहास से प्रायः साम्य रखती हैं।

इन सब तथ्यों के अलावा घटनाक्रम भी प्रायः ऐतिहासिक है। ऐसी स्थिति में महाकाव्य की ऐतिहासिकता पर सन्देह नहीं किया जा सकता।

महाकाव्य का मुख्य रस 'वीर' रहा है -- स्थान-स्थान पर श्रृंगारादि भी पर्याप्त रूप में विद्यमान है। भाषा सामान्यतः सुबोध है परन्तु

यत्र तत्र अप्रचलित प्रयोग भी किये गये हैं। छंदों में शार्दूलविक्रीडित व शिखरिणी का अधिक प्रयोग है। अलंकारों में उपमा व अतिशयोक्ति पर बल दिया गया है।

इस महाकाव्य के प्रकाशन, सम्पादन एवं नवीन प्रति की प्राप्ति पर अनेक महत्त्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। वर्तमान में इतना ही कहा जा सकता है कि महाकाव्य एक पठनीय रचना है।

पाद-टिप्पणी

१. कच्छवंश महाकाव्य।

२. यथोपरि० १।१-३।

३. „ २।२२-२३।

४. 'जयपुर की संस्कृत-साहित्य की देन' (डी० लिट् का प्रबन्ध)—डा० प्रभाकर शास्त्री।

५. मानवंशम्—३।१०,१३,२३,४३,५७, ७२, ७६, ८०, ६१।

६. कच्छवंश महाकाव्य—४।१,२४,२६, ३३, ३६, ४१। प्रद्युम्न द्वारा पदार्थदेवी से विवाह करने के विषय में विद्वानों में पर्याप्त मत भेद रहा है —

"According to Dr. Gorishankar Hirachand oza's research Pajjwan Dev was not a contemporary of Prithviraj Chauhan. It is incorrect that Padarath Devi was a daughter of Kanharai, Uncle of Prithvi Raj. This lady might have been from the Ajmer family-Geneological Tables of kachawaha. Sheet No 3 By Thakar Harnath singh (Dundlod).

"जब पज्वन की लाश युद्धभूमि से उठाकर पृथ्वीराज चौहान के समीप लाई गई तो पृथ्वीराज ने इस प्रकार विलाप किया था——

'आज हुई विधाता ढीलड़ी, आज ढूंढाड़ अनाथ,
आज पृथ्वीराज सावन्त, बिनमाथ। (छप्पय)
आज पुहुप बिनवास आज मरजाद उलंघिय.....
पज्वन सुरग जितै थकै चगं चगं धरतविकशै।

—कछवाहों का संक्षिप्त इतिहास पृ० १२-१४, (१६३१) ठाकुर वीरसिंह तंवर।

७ व यथोपरि० ४।८७।

७. „ ६।५४-६३।

८. „ ६।७२-७३

६. „ ६।२३,७५, ७६।

१०. „ ७।४४-४८।

११. „ ७।५३।

१२. „ ७।७३।

१३. „ ७।६८,६६

१४. „ ७।१३३,१३४।

१५. „ ८।३०।

१६. „ ८।६०,६१,१०३,१०४, १०६,१०८,१११, ११४-११७,१२८-१५८, १३१-१५३, २११-२२२।

१७. „ ६।२२

१८. „ ६।३४-३६।

१६. „ ६।४२।

२०. „ ६।७४।
२१. „ ६१ ७८।
२२. यथोपरि० ६।८८–८६।
२३. „ १०।८–१०,५०।
२४. „ १०।२८७।
२५. „ १०।३४४–४५।
२६. „ १०।४११।
२७. „ १०।५००
२८. „ १०।५८८।
२९. „ १०।८२४–२५।
३०. „ १०।६१०।
३१. „ ११।२३, ३२।
३२. „ ११।३८।
३३. „ ११।४६, ४८, १२१।
३४. „ १२-१३।१६७-६८, ६६, २००, १, २।
३५. „ १४।८१।
३६. „ १४।६६।
३७. „ १५।८०।
३८. „ १५।३०।
३९. „ १५।४४–४८।
४०. „ १५।६५।
४१. „ १६।७।
४२. „ १६।६०, ६७।
४३. „ १६।७५।
४४. „ १६।७७–७८।
४५. „ १७।२८, ६५, ७१।
४६. „

Puranmall was one of the youngest sons of Prithviraj. He deserved the eldest son, Bhimji and ascendes the guddi. Bhimji murdered Puranmall and became the raja of Amber.

Geneological Tables of Kachawaha.

Sheet No 3. Th. Harnath Singh (Dunellod.)

४७. यर की तिथि–"और ढलती अवस्था के आगमन में आपने सं० १७६१ श्रा-शु० नवमी से वाजपेय यज्ञ (वाजिपेय) का आरम्भ कर भा० सुदी १२ को उसको पूर्ण किया था–"–नाथावतों का इतिहास'–हनुमान शर्मा; श्री पौण्डरीक का निधन संवत् १७७७ में हो गया था'–

रजिस्टर दस्तूर कौमवार।

ग्राहकों के लिए आवश्यक सूचना

'गुरुकुल-पत्रिका' के ग्राहकों से निवेदन है कि यदि उनके पास किसी मास की पत्रिका २० तारीख तक न पहुंची हो तो वे तुरन्त पत्र द्वारा सूचित कर दिया करें। यदि सम्भव हुआ तो भेजने का प्रयत्न करेंगे। विलम्ब से सूचना देने पर प्रेषण में अनावश्यक कठिनाई हो जाती है। आशा है आप सबका सहयोग अवश्यमेव प्राप्त होगा।

—प्रबन्धक

(गतांक से आगे)

ऋग्वेदभाष्यभूमिका उत्तरार्ध

प्रथम सूक्त

सौर्य अणुतन्त्र एवं वैदिक देवता

श्री दीनदयालु गुप्त, एम.एस-सी., एल. एल-बी.

सरस्वती और सरस्वान्

"उत स्या नः सरस्वती घोरा हिरण्यवर्तनिः ।
वृत्रघ्नी वष्टि सुष्टुतिम् ॥"

ऋ०६-६१-७ ।

सरस्वती 'वनस्पति' है, सरस्वान् सूर्य से उत्पन्न उसकी दुहिता उसका सारा ऐश्वर्य यौतुक में 'उषा' की भांति लाई है । वह घोर (तीक्ष्ण उत्ताप संयुत 'हिरण्य' का आवर्तन करती है । कैसे ? 'वृत्र का एवं पारावत' (ऋ०६-६१-२) का संघात करके-सुवर्ण की क्रान्ति को उत्पन्न करके । यह भरद्वाज ऋषि के उपरोक्त सूक्त में दिया हुआ विषय प्रवेशमात्र है । ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के ९६ सूक्त में यह विषय आगे चलता हुआ अष्टम मण्डल के १०२ सूक्त में स्पष्ट हो जाता है । यह गोपनीय विषय-विस्तारभय से यहां संकलित नहीं किया । फिर भी ब्राह्मण को उद्धृत करते हैं कि उस आदित्य की जो विस्तार (तम) के कारण ज्योति लुप्त हुई, उसे अत्रि ने प्रकाशित किया और अत्रि का यह कार्य हस्त कार्य मात्र है ।

'अत्रिर्हि तस्यादित्यस्य ज्योतिः प्रकाशितवान् एतत् हस्तकार्यम् ।

अतः इस हस्त (संघात) कार्य में विस्तृत एवं दुर्गम यन्त्रप्रणाली वा प्रयोगों की आवश्यकता नहीं – जैसे कि विज्ञान के क्षेत्र में हुए हैं । परन्तु यहां भारत में ही विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पारद का हिरण्यावर्तन (सुवर्ण में परिवर्तन) किञ्चित् रज तथा कुछ थोड़ा सा ताप दे कर होता देखा गया है । खुली कढ़ाई में पारद ठोस खरे सुवर्ण में परिवर्तित हो गया ।

ऐतरेय ब्राह्मण में एक रोचक याग का वर्णन मिलता है । जिसे सप्तर्षि पूरा करना चाहते थे । अपने सरस्वती के तट पर होने वाले याग में उन्होंने म्लेच्छ 'कवष ऐडूष' को यह जान कर निकाला और फेंक दिया कि यह सरस्वती याग में विघ्न डालेगा । कवष 'इडा का ऊष' अर्थात् 'इडा'–वाक् वा सरस्वती का ऊष्–मानो क्वाथ था–सारा सरस्वती का तेज ही उस कवष में था वही फेंक दिया । याग अपूर्ण रहा । सप्तर्षि हतप्रभ हुए । इधर कवष ऐडूष तपता रहा और सरस्वती जहां जहां तक कवष था वहां वहां तक उमड़ कर प्लावित हुई । सप्तर्षियों ने–फिर तो कवष ऐडूष की सहायता से सरस्वती याग पूर्ण किया फलतः हिरण्यावर्तन आदि प्रयोग सिद्ध किये । सारांश यह है कि ऋग्वेद के उन सूक्तों का स्वाध्याय इष्ट है जिनमें 'सप्तर्षयः' सरस्वती याग करते हैं, वा जिनके ऋषि 'कवष ऐडूष' हैं। यह (Farming of Atomic Energy) ऋग्वेद के क्रमशः नवम और दशम मण्डल में हैं । वैज्ञानिक के लिए ब्राह्मण और वेद मन्त्रों के स्वाध्याय हेतु यह अति गोपनीय, रोचक तथा महत्त्वपूर्ण विषय है । जो स्वयं एक स्वतन्त्र ग्रन्थ के लिए पर्याप्त है ।

ऐतरेय ब्राह्मण में एक दूसरे याग का भी वर्णन है, जिसे 'वरुणसव' कहते हैं। यह याग विश्वामित्र अर्थात् पुरोहितों वा अग्नियों में नायक तेज की व्याप्ति के क्षेत्र में सम्पन्न किया गया। चुम्बकीय वा विद्युत् क्षेत्र भी ऐसे व्याप्ति के क्षेत्र हैं, तद्वत् ही विकीर्ण सोमों का वा वाणी (क्ष और ग) रश्मियों का क्षेत्र है। इस याग में यजमान हरिश्चन्द्र एवं रोहिताश्व हैं, जो सुवर्ण के परमाणु के अंग हैं। सामवेद के मन्त्र 'पवमानस्य जिघ्नतो हरेश्चन्द्रा असृक्षत' में स्पष्ट है पवमान सोम का संघात करके सुवर्ण बनाने का कथन है। वरुण याग में शुनःशेप वह वायव्य विद्युत्तनु–बाह्य कक्षा में है, जिसका वध होना था, परन्तु विश्वामित्र के इस याग में वह अन्तस्तेज में अर्थात् अन्तःकक्षा में उत्पतन करता हुआ पारद के तेज को बढ़ाता हुआ रोहित वर्ण का उत्पादक बना। फल यह हुआ कि हिरण्य की बाह्य कक्षा में ९ 'इरस्तनु' विद्युत्तनु स्तोम इसप्रकार जा बैठे हैं कि 'त्र्यरे त्रि प्रतिष्ठिते' तीन स्थिर धुरियों में तीन-तीन रसायनिक हाथ (वैलेंसी) सुवर्ण को प्राप्त हुए।

'वरुणसव' राजसूय यज्ञ की सूची में सम्मिलित है, जो यजनीय पदार्थ में कान्ति (चमक) उत्पन्न करता है।

इस 'वरुणसव' में—

'वरुणस्य वा अभिषिच्यमानस्येन्द्रियं वीर्यं निरघ्नन् तत्सुवर्णं हिरण्यमभवत्'। तै० १–८–९–१।

उपरोक्त उद्धरण से सिद्ध है कि 'वरुणसव' भी सरस्वती याग की भांति इष्टि-ऐच्छिक याग-हिरण्यावर्तनहेतु प्रयुक्त होता है।

"त्रेधा जातं जन्मनेदं हिरण्यमग्नेरेकं प्रियतमं बभूव सोमस्यैकं हिंसितस्य परापतत्। अपामेकं वेधसां रेत आहुस्तत् ते हिरण्यं त्रिवृदस्त्वायुषे॥" अथर्व० ५–२८–६।

हिरण्य की उत्पत्ति का एक प्रकार यह है कि एक सोम का वध किया जावे कि पारद के अणुसंख्यान में एक हानि होकर सुवर्ण का केन्द्रभार शेष रह जाये। पारद का अणुसंख्यान सुवर्ण की अपेक्षा एक अधिक है, वही पारद को चञ्चल बनाये हुए है।

सोमस्य वा अभिषूयमानस्य प्रिया तनूदक्रामत्।
तत्सुवर्णं हिरण्यमभवत्। तै० १–४–७–४।५।
अश्वस्य वा आलब्धस्य रेत उदक्रामत्।
तत्सुवर्णं हिरण्यमभवत्। तै० ३–८–२–४।
श० १३–१–१–३।

प्रजापतिरयसो हिरण्यमसृजत तस्मादयो बहुध्मातं हिरण्यसंकाशमिवैव भवति।
श० ६–१–३–५।

उत्पन्न होने वाले सोम की सम्बन्धित 'प्रियातनू' बाह्यतम (तनु विस्तारे) कक्षा में विद्युत्तनु (इरस्तनु) उच्चतम अर्थात् अन्तःकक्षा में उत्क्रमण कर गई, तब वह सोम-अणु सुवर्ण-हिरण्य बन गया। प्रजापति ऋषि के सूक्त में 'अयस' लोहे से हिरण्य बनाया गया।

"यद्धिरण्यं सूर्येण सुवर्णं प्रजावन्तो मनवः पूर्व ईषिरे। तत् त्वा चन्द्रं वर्चसा सं सृजति . . .॥
अथर्व० १९–२६–२।

पूर्व मनस्वी हिरण्य-सुवर्ण को सूर्य (सरस्वती वा अर्किणी नाम वनस्पति) से उत्पन्न करते हैं। सूर्य तेज इस वनस्पति द्वारा सर्वथा एवं सर्वांश में गृहीत होता है।

'स्वर्णो धर्मः स्वाहा। स्वर्णः सूर्यः स्वाहा। स्वर्णोऽर्कः स्वाहा।' स्वर्ण तेज के साहचर्य से—सूर्य से—अर्क नामक वनस्पति से सिद्ध किया जावे।

ऊपर 'पवमानस्य (सोमस्य) जिघ्नतो हरेश्चन्द्रा असृक्षत। जीरा अजिरशोचिषः।' इस साम को उद्धृत कर चुके हैं। जिसमें एक सोम को

हनन द्वारा सुवर्ण की उत्पत्ति कही गई है अतः सुवर्ण की अणुरचना की ओर ध्यान जाना अवश्यम्भावी है ।

"अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानाम्पूरयोध्या ।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ।"
अथर्व० १०-२-३१ ।

हिरण्य अर्थात् सुवर्ण का कोष है-परमाणु-मण्डल है, जिसमें आठ चक्र (कक्षायें-और विट) हैं, परन्तु नवद्वार हैं। (उपरीव सुवर्गोलोकः । तै० ३-२-१-५) बाह्य कक्षा को स्वर्ग कहते हैं, जिसमें (स्तोमा वै परमाः स्वर्गा लोकाः) स्तोम (अर्थात् विद्युत्तनु-तेजांश) बाह्य कक्षा में गति करते हुए वर्ण (ज्योति) निष्क्रत करते हैं। यहां नव द्वार हैं। 'द्वारम्' वेग से 'द्रु' गति करने वाले तथा परमाणु को परिधि में सुरक्षित रखने अर्थात् 'वारण' करने वाले तेजांश हैं। वे नौ स्तोम सुवर्ण के परमाणु को स्थिर बनाते हैं। नौ स्तोम वैदिक परिभाषा में इस सुवर्ण कोष में तीन-तीन अरे कर के तीन स्थिर केन्द्रों में प्रतिष्ठित ह ।

'तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते'
अथर्व० १०-२-३२ ।

'नव द्वारा' नौ स्तोम वेग से गति करने वाले बाह्य कक्ष को घेर कर तीन अरों वा प्रणालियों में कार्यक्षम हैं। यही सुवर्ण के तीन हाथ हैं, जिन से वह रसायनिक आवर्तनों में प्रयुक्त होता है। रसायनिक पदार्थ जो सुवर्ण के बने उपलब्ध हैं, वे सब इन तीन अरों में प्रतिष्ठित-स्थिर द्रव्य हैं। वह द्रव्य जो इन अरों से सम्पन्न रसायनिक द्रव्यों में गिने जाते हैं, वे ही हिरण्य नाम वाले निघण्टु प्रोक्त १५ द्रव्यों में संगृहीत हैं। जैसे लोहा, सुवर्ण, एलुमिनियम, वोरन (अथवा सुहागा की धातुमात्र)।

"प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम् ।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम्। ।"
अथर्व १०-२-३३ ।

हिरण्य को प्राप्त होने वाले परमाणुमण्डल में- जो अग्निषोमीय क्षेत्र विस्तृत है, उसमें ब्रह्म अर्थात् 'भृग्वङ्गिरोविद्' धन और ऋणात्मक विद्युत् भारांश तथा च तुरीय (चतुर्थ) ब्रह्मा-'अत्रि-न त्रय' प्रविष्ट हैं। यह प्राची-उत्तरा दिक् अग्निषोमीय अपराजिता स्थिर है, जो 'हिरण्य' की है।

लोह, काञ्चन-चन्द्रादि त्रिनाभि-चक्र धातुएं हिरण्य नामक पदार्थों में निघण्टु में साथ-साथ पढ़े जाने से यह प्रश्न उठता है कि क्या लोह का आवर्तन स्वर्ण में सम्भव है। इसी प्रकार चांदी एक अरे वाली धातुओं में रजत-परमाणुरूप है। क्या चांदी से भी त्रिणव करके सुवर्ण का आवर्तन होता है? पारद के विषय में लिख ही चुके हैं कि एक सोम के हिंसित होने पर सुवर्ण घटित हो जाता है। इस एक को लोह अथवा पारद में हिंसित कर देने पर-काट कर निकाल देने पर पारद और लोह दोनों की ही बाह्य कक्षा के 'द्वारों' वेगवान् दो-दो स्तोमों में से एक-एक निकल जावे तो सुवर्ण अणु घटित होता है। इस एक को काट फेंकना ही कर्तव्य है, कि सुवर्णावर्तन हो जावे। बाह्य कक्षा में विलेखन-एक स्तोम को चीर देने का यह कार्य फाल मणि द्वारा किया जाता है।

'प्रजापतिरयसो हिरण्यमसृजत्' इस ब्राह्मण वचन से लोहा उपरोक्त आवर्तनीय द्रव्यों की कोटि में गिना गया। इस लोहे को-प्रसिद्ध है-पारस मणि द्वारा सुवर्ण में आवर्तन किया जाता है। क्या पारसमणि-फालमणि एक ही है? इस विषय पर दृष्टिपात करें--

(१) अरातीयोभ्रातृव्यस्य दुर्हार्दो द्विषतः शिरः ।
अपि वृश्चाम्योजसा ।। अथर्व० १०-६-१ ।

(२) वर्म मह्यमयं मणिः फालाज्जातः करिष्यति ।
पूर्णो मन्थेन मागमद् रसेन सह वर्चसा ।।
अथर्व० १०-६-२ ।

(३) यत् त्वा शिक्वः परावधीत् तक्षा हस्तेन वास्या ।
अथर्व० १०–६–३ ।

(४) हिरण्य गयं मणिः श्रद्धां यज्ञं महो दधत् ।
गृहे वसतु नोऽतिथिः ।। अथर्व० १०–६–४ ।

(५) . . .श्रद्धां भगस्य (सूर्यस्य) मूर्धनि वचसा वेदयामसि । ऋ० १०–१५१–१ ।

(६) श्रद्धां प्रातर्हवामहे श्रद्धां मध्यन्दिनं परि ।
ऋ० १०–१५१–५ ।

फालमणि निज ओज द्वारा शीर्षस्थ (बाह्य कक्षा में स्थित) स्तोम को काट देती है । वह शीर्षस्थ स्तोम अपने प्रतिद्वन्द्वी–विरुद्ध संयोगी वा विद्वेषी को काट कर–फाल जैसे खेत में पृथ्वी को चीर देता है और रस तथा तेज से फिर सुरक्षित अन्न पक जाता है । वैसे ही इस हस्तक्रियामात्र से यह फालमणि हिरण्यमालारूप परमाणुओं की स्वर्ण में परिणति कर देती है । इस कार्य के लिए श्रद्धा मय यज्ञ आवश्यक होता है । इस सूक्त का देवता वनस्पतिविशेष है ।

ऋग्वेद के कामायनी श्रद्धा वाले सूक्त में "श्रद्धा" शब्द से अभिप्राय है–सूर्य की मूर्धा से अर्थात् सूर्यनामक वनस्पति के फूल से जिसका प्रयोग 'वच' नाम की ओषध के साथ हो । अथवा प्रबल सूर्यताप से अभिप्राय है–उसकी वाङ्नामक प्रतिकम्पनमयरश्मियों से–जो हमें अर्किणी नाम वाले पौधे में ग्रीष्मताप के उपरान्त में प्राप्त होता है । वैसे तो प्रातःकाल, मध्याह्न और सायंकाल प्राप्त होने वाली सारी ही रश्मियां श्रद्धा कहलाती हैं । फिर महान् श्रद्धा यज्ञ अर्थात् रश्मियों का सञ्चय एकीभूत अर्किणी के तेज में उद्भूत हुआ है ।

"वण्महां असि सूर्य बलादित्य महां असि । . . ."
ऋ० ८–१०१–११ ।

". . .मह्ना देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम् ।" ऋ० ८–१०१–१२ ।

"इयं या नीच्यर्किणी रूपा रोहिण्या कृता ।
चित्रेव प्रत्यदर्श्यायित्यन्तर्दशसु बाहुषु ।।"
ऋ० ८–१०१–१३
(सूर्यप्रभा) ।

"प्रजा ह तिस्रो अत्यायमीयुर्न्यन्या अर्कमभितो विविश्रे । बृहद्ध तस्थौ भुवनेष्वन्तः पवमानो हरित आ विवेश ।।"
ऋ० ८–१०१–१४ (पवमानसोम)

"माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानामृतस्य नाभिः । . . .।।"
ऋ० ८–१०१–१५ (गो-रश्मियां)

सूर्य महान् भुवनों के मध्य में स्थित है । अग्नि तेज के सहित, सूर्यप्रभा के रूप में व्याप्त मानो इस अर्किणी के रोहिण्य रूप में प्रत्यक्ष दशबाहुस्थ पुष्प में चित्र विचित्र दिखाई देती है । वास्तव में त्रिविध प्र वित रश्मियां जहां देश-देशान्तर को अतिक्रमण करती हुई विस्तृत होती हैं, तो साथ-साथ अन्य रश्मियों में आता हुआ सोम इस अर्क नाम पौधे की ओर बृहद् दूरदेश से आकर आश्रय ग्रहण करता है । यह रश्मियां, ११ रुद्रगण, ८ वसुगण तथा १२ आदित्यगण की क्रमशः माता, दुहिता, स्वसा सिद्ध होती हुई अमृत की नाभि हैं ।

इस प्रकार श्रद्धा यज्ञ-सूर्य रश्मियों का अर्थात् रुद्र, वसु और आदित्यगणों का एकीकरण है, जो इस वनस्पति में–'अर्क–सरस्वती' में समाहित है । 'बृहस्पति' के सूक्त में उग्र 'खदिर' को जो घृतश्चुत अर्थात् फालमणि को तैयार करने की विधि भी दी गई है––

"यमबनधाद् बृहस्पतिर्मणिं फालं घृतश्चुतमुग्रं खदिरमोजसे । . . ." अथर्व० १०–६–८।२०

इस फालमणि का प्रयोग इस प्रकार है––

१–'हिरण्य गयं मणिः. . .गृहे वसतु नोऽतिथि यह फालमणि अतिथि (निरन्तर गतिशील

पारे को गृह (ग्रहण) में रखने हेतु हिरण्यमाला के अनुसार है) जो

२–'ओज से वीर्याय कम्'–शरीर में बल, वीर्य के हेतु उपयोगी ।

३–'महे श्रोत्राय चक्षसे'–आकाशवाणी तथा टेलीविजन के हेतु ।

४–'तेनेमा अजयद् दिशः'–दिग्विजय अर्थात् आकाशयान द्वारा अन्तरिक्षभ्रमण हेतु ।

५–वाताय मणिमाशवे'–अत्यन्त वेग की गति हेतु ।

६–'सदा धावन्त्यक्षिताः'–निरन्तर गति हेतु (परमाणु शक्ति का प्रयोग)

७–'तेन त्वं द्विषतो जहि'–शत्रु के पराभव के हेतु।

८–'लोकान् युधाजयन्'–विश्वविजय के हेतु ।

९–'विश्वमिद् दुहे'–पारद के साथ विश्वकिरण का लाभ हेतु ।

इस मणि के निर्माण और प्रयोग के साधन और प्रक्रिया बृहस्पति, प्रजापति और अथर्वा ऋषि के सूक्तों में मिलती हैं। और यह तो प्रत्यक्ष ही कहा गया है कि यह वनस्पति है। अस्तु, यह किञ्चित् दिग्दर्शन वेद-विज्ञानविषय में प्रवेश हेतु दिया गया । सूक्तगत भाष्य प्रस्तुत है ।

--:०:--

क्रमानुगत--

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

षष्ठ परिच्छेद

प्रकृति-मीमांसा

श्री प्रो. जयदेव वेदालंकार

तीसरा तत्त्व प्रकृति है। इसको भी शास्त्रों में नित्य माना है। इसे सृष्टि का उपादान कारण कहा है। प्रकृति का लक्षण सांख्य दर्शन में इस प्रकार किया है–सत्व, रज और तम की जो साम्यावस्था है वह प्रकृति है। जब तीन गुणों में विषय अवस्था होती है तब यह जगत् प्रपंच बनता है। जिसका क्रम सांख्यदर्शन में इस प्रकार रखा है। प्रकृति से महत्तत्व बुद्धि, उससे अहंकार, उससे पांच तन्मात्रा सूक्ष्मभूत और दस इन्द्रियां तथा ग्यारहवां मन, पांच तन्मात्राओं से-पृथिव्यादि पांच भूत, ये चौबीस और पच्चीसवां पुरुष अर्थात् जीव परमेश्वर है।१

इस प्रकार सांख्य के अनुसार प्रकृति और पुरुष के संयोग से सृष्टि होती है। जब प्रकृति पुरुष के संसर्ग में आती है तभी संसार की उत्पत्ति होती हैं। यह प्रकृति और पुरुष का संयोग उस तरह का नहीं है जैसा कि दो भौतिक द्रव्यों में अर्थात् रथ और घोड़ों में होता है। यह एक विलक्षण प्रकार का सम्बन्ध है। प्रकृति पर पुरुष का प्रभाव वैसा ही पड़ता है जैसे किसी विचार का प्रभाव हमारे शरीर पर। अब प्रश्न उपस्थित हो सकता है कि प्रकृति और पुरुष तो एक दूसरे से भिन्न और विरुद्ध धर्म के हैं। इसका उत्तर इस प्रकार दिया जाता है कि पुरुषविशेष ईश्वर हैं जो अपनी सर्वशक्तिमत्ता से दोनों के संयोग से संसार की सृष्टि कर देता है। इसका दूसरा उत्तर जो सांख्यवादी ईश्वर को नहीं मानते वे इस प्रकार देते हैं–जिस प्रकार एक अन्धा और लंगड़ा आपस में मिलकर एक दूसरे की सहायता से जङ्गल को पार कर लेते हैं। सांख्यदर्शन के अनुसार और महर्षि दयानन्द जी भी जिसे अङ्गीकार करते हैं, जो सृष्टि का स्वरूप ऊपर बतलाया है उसका विस्तार इस प्रकार है। मूल प्रकृति के पश्चात् महत्तत्व या बुद्धि है, बुद्धि के द्वारा ही हम किसी वस्तु के विषय में अथवा सम्बन्ध में निर्णय करते हैं। सत्त्व गुण के आधिक्य से बुद्धि का उदय होता है। बुद्धि का स्वाभाविक धर्म है स्वतः अपने को तथा दूसरी वस्तुओं को प्रकाशित करना। प्रकृति का दूसरा विकार है अहंकार। यह महत्तत्व का परिणाम है। बुद्धि का मैं और मेरा यह अभिमान का भाव ही अहंकार है। अहंकार के कारण ही संसार के विषयों की ओर प्रवृत्ति होती है। अहंकार तीन प्रकार का माना जाता है। सर्वप्रथम सात्विक या वैकारिक, जिसमें सत्त्वगुण का आधिक्य रहता है। दूसरा राजस या तैजस्, जिसमें रजोगुण की

---

१. सत्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः प्रकृतेर्महान्, महतोऽहंकारोऽहंकारात् पंचतन्मात्राण्युभयमिन्द्रियं, पंचतन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि, पुरुष इति पंचविंशतिर्गणाः। सत्यार्थ० समु० आठ (सां० सू० १।६१।)

प्रधानता होती है। तीसरा तामस या भूतादि, जिसमें तमोगुण की प्रधानता होती है। सात्त्विक अहंकार से एकादश इन्द्रियों की उत्पत्ति होती है जो पांच ज्ञानेन्द्रियों और पांच कर्मेन्द्रियों के नाम से कही जाती है। एक ग्यारहवां मन जो आन्तरिक इन्द्रिय है। तामस अहंकार से पञ्च-तन्मात्राओं की उत्पत्ति होती है। राजस अहंकार सात्विक और तामस दोनों अहंकारों का सहायक होता है। पञ्चतन्मात्रायें ये हैं—शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध। इनके जो सूक्ष्म विषय हैं, वह पञ्चतन्मात्रायें कहलाती हैं। इनका प्रत्यक्ष योगियों को ही होता है। पञ्च महाभूत, स्पर्श-तन्मात्र और शब्दतन्मात्र के योग से वायु की उत्पत्ति होती है। रूपतन्मात्र और स्पर्शतन्मात्राओं के योग से तैजस अर्थात् अग्नि की उत्पति होती है। रसतन्मात्र और शब्द और स्पर्शतन्मात्राओं के योग से जल की उत्पत्ति होती है। गन्धतन्मात्र शब्द, स्पर्श, रूप, रसतन्मात्राओं के योग से पृथिवी की उत्पत्ति होती है। और शब्दतन्मात्र से आकाश की उत्पत्ति होती है। जिन तन्मात्राओं से जिस भूत की उत्पत्ति होती है वह तन्मात्रा उसका गुण नाम से भी कहा जाता है।

प्रकृति से लेकर पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति तक जो विकास की धारा चलती है, उसके दो रूप हमारे सामने आते हैं। एक प्रत्ययसर्ग या बुद्धि सर्ग, दूसरा तन्मात्र सर्ग या भौतिक सर्ग। प्रथम अवस्था में बुद्धि अहंकार और-एकादश इन्द्रियों का आविर्भाव होता है। द्वितीय अवस्था में पांच तन्मात्राओं, पञ्चमहाभूत और उनके विकारों का प्रादुर्भावहोता है। भौतिक तत्त्व और उनके परिणाम विशेष धर्मों से युक्त सुखद दुःखद और मोहप्रद होने के कारण विशेष कहलाते हैं। विशेष या विशिष्ट द्रव्य तीन प्रकार के होते हैं—स्थूल महाभूत, स्थूल शरीर, और सूक्ष्मशरीर।

यह जगत प्रपञ्च है। जिसका विकास उक्त प्रकार से होता है। सांख्य के सिद्धान्त को सत्कार्य-वाद का सिद्धान्त कहते हैं अर्थात् पहले वस्तु कारणरूप में होती है। तब वह कार्यरूप में प्रकट हो पाती है। जैसे मिट्टी में घड़ा कारणरूप में पूर्व से विद्यमान होता है और बाद में वह कार्य रूप में हो जाता है।

न्यायदर्शन के अनुसार आत्मा, शरीर, इन्द्रिय एवं उसके विषय बुद्धि, मन, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव, फल, दुःख और अपवर्ग ये प्रमेय कहलाते हैं। सभी प्रमेय जड़ जगत में नहीं रहते हैं। आत्मा,ज्ञान और मन, काल, दिशा आदि भौतिक द्रव्य नहीं हैं। न्यायदर्शन आकाश को भी एक अपरिणामी भूत मानता है। शेष चारों भूत क्रमशः परमाणुओं से बने हुये हैं। ये परमाणु नित्य एवं अपरिवर्तनशील हैं। आकाश, काल और दिक् भी नित्य और विभूद्रव्य हैं। वैशेषिक दर्शन में जगत् निर्माण का विशेष वर्णन किया है। परन्तु वह न्यायदर्शन के अनुसार ही है।

पू० प०—सृष्टि की रचना आप वैसे ही क्यों नहीं मान लेते जिस प्रकार कुरानादि में लिखी है कि खुदा ने कुन कहा और सृष्टि की उत्पत्ति हो गई।

उ० प०—यह मत उचित नहीं, क्योंकि बुद्धि इसको स्वीकार नहीं कर सकती। अभाव से भाव की उत्पति कभी भी नहीं हो सकती[1]।

---

१. कारणाभावात् कार्याभावः। सांख्य।

पू० प०—शून्य को ही सृष्टि का कारण मान लेना चाहिये क्योंकि पूर्व भी शून्य था और अन्त में भी शून्य ही होगा। अतः प्रत्येक वस्तु विनाशक धर्मवाली है। इससे शून्य ही सिद्ध होता है१।

उ० प०—'शून्य आकाश, अदृश्यावकाश और बिन्दु को भी कहते हैं। शून्य जड़ पदार्थ, इस शून्य में सब पदार्थ अदृश्य रहते हैं। जब एक बिन्दु से रेखा, रेखाओं से वर्तुलाकार होने से भूमि, पर्वत आदि ईश्वर की रचना से बनते हैं और शून्य जानने वाला शून्य नहीं होता है२।'

पू० प०—पदार्थों की उत्पत्ति बिना निमित्त के होती है। उनके निमित्त होने का कोई कारण दिखाई नहीं देता। जैसे बबूल आदि वृक्षों के कांटे तीक्ष्ण अमी वाले देखने में आते हैं। इसी प्रकार शरीर आदि भी बिना निमित्त के होते हैं।

उ० प०—जिससे पदार्थ उत्पन्न होता है वही उसका निमित्त होता है। क्योंकि बिना कण्टकी वृक्ष के कांटे उत्पन्न क्यों नहीं होते।

पू० प०—सभी वस्तुयें उत्पत्ति और विनाश धर्मवाली देखी जाती हैं, इसलिये संसार के सभी पदार्थों को अनित्य मानना चाहिये।

उ० प०—जो सब पदार्थों की अनित्यता आप मानते हैं तो वह अनित्यता भी तो नित्य हो गई। दूसरी बात यह है जो पदार्थ संसार में हमें दिखाई देते हैं वे सब मूल प्रकृति के विकार हैं। उनका विनाश यही है कि वे अपने कारण में मिल जाते हैं। अतः किसी भी वस्तु का पूर्णतः विनाश कभी भी नहीं होता।

पू० प०—इस संसार का कर्ता न था और न होगा। अतः इसको अनादि काल से मान लेना चाहिये।

उ० प०—बिना कर्ता के कोई भी संयोगजन्य पदार्थ उत्पन्न नहीं हो सकता है। पृथ्वी आदि हमें संयोगविशेष की रचना दीखती है। अतः वे अनादि कभी नहीं हो सकते क्योंकि जिन पदार्थों का संयोग हुआ है उनका वियोग भी अवश्य होगा। अतः संसार का कोई कर्त्ता अवश्य है।

पू० प०—अच्छा हम जगत् के कर्ता को स्वीकार करते हैं परन्तु इस संसार के बनाने का उसका क्या प्रयोजन है ?

उ० प०—ईश्वर संसार की उत्पत्ति हमारे अदृष्टों के कारण करता है। क्योंकि जिन कर्मों को जीवात्मा कर चुके हैं उनका फल भोगना शेष रहता है। परमात्मा दयालु और करुणा-वरुणालय है। वह जीवों पर दया करके उनके विकास और उनकी उन्नति के लिये संसार की रचना करता है। ताकि जीव अपने पुण्य, अपुण्यों को भोग सकें। परमात्मा के न्याय, दया आदि गुण भी तभी सार्थक हो सकते हैं।१

पूर्व०—वेदान्तदर्शन में तो कहा है कि जन्म और संसार आदि उसी परमात्मा से होते हैं२। उपनिषदों में भी कहा है कि परमात्मा ने इच्छा

---

१. शून्यतत्त्वं भावो विनश्यति वस्तुधर्मत्वात् विनाशस्य।

२. सत्यार्थ प्रकाश अष्टम समुल्लास।

---

१. सत्यार्थ प्रकाश आठ समु०।

२. जन्माद्यस्य यतः (वे १।२)

की मैं बहुत हो जाऊं और वह नाना रूप में हो गया।

उत्तर—परमात्मा ने संसार की रचना की, ऐसा कहना तो ठीक है, परन्तु परमात्मा ही सब कुछ है अर्थात् परमात्मा ही जगत्-रूप में बदल गया, यह ठीक नहीं। ईश्वर अविद्या से आवृत्त होकर जीव और जगत् के रूप में अज्ञान के कारण दिखाई देता है। इसका खण्डन तो हम कर आए हैं। यहां इतना ही कहते हैं, कि किसी भी कार्य को उत्पन्न करने के लिये तीन कारणों की आवश्यकता होती है।

१ निमित्त कारण २. उपादान कारण ३. साधारण निमित्त-कारण। यदि परमात्मा को ही उपादान-कारण माना जाये, तो ईश्वर के गुण चेतनता आदि संसार में आने चाहियें। परन्तु सृष्टि तो जड़ है। अतः परमात्मा सृष्टि का उपादान-कारण नहीं हो सकता, वह तो निमित्त कारण ही है। जैसे—एक कुम्भकार घड़ा बनाता है, तो वह घड़े का निमित्त-कारण हुआ। जिससे घड़ा बनता है, वह उपादान कारण। घड़ा मिट्टी से बनता है। मिट्टी का निर्माण कुम्भकार नहीं कर सकता। मिट्टी की सत्ता कुम्भकार की सत्ता सदृश स्वतन्त्र है। इसी प्रकार सृष्टि का उपादान कारण मूल-प्रकृति भी ईश्वर के समान नित्य है। और अपनी स्वतन्त्र सत्ता रखती है। हां, इतना अवश्य है, कि परमात्मा क्योंकि सर्वज्ञ, सर्व शक्तिमान है, अतः उसकी महिमा को प्रकट करने के लिए उससे ही पृथ्वी आदि का निर्माण हुआ, ऐसे प्रयोग उपनिषद् आदि में गौण-रूप में लिए गए हैं। नहीं तो परमात्मा कल्पकल्पान्तर में मूल प्रकृति से सृष्टि की रचना पूर्व की भांति करता रहता।[1] वेदों में भी सृष्टि का वर्णन इस प्रकार आया है।

जब यह कार्य-सृष्टि उत्पन्न नहीं हुई थी, तब एक सर्वशक्तिमान परमेश्वर, दूसरा जगत् का कारण अर्थात् मूल-प्रकृति विराजमान थी। उस काल में सत्त्व, रजस् और तमस् इन गुणों से बना जो प्रधान है, वह भी नहीं था। अपितु गहन अन्धकार ही अन्धकार था।[2] यहां इस मंत्र में स्पष्ट है कि सृष्टि से पूर्व कार्य-जगत् यह सृष्टि नहीं थी। इसका तो खण्डन है। परन्तु मूल-प्रकृति का नहीं। क्योंकि दूसरी जगह वेद में आया है कि जीवात्मा और परमात्मा नाम के दो पक्षी हैं, वे एक वृक्ष पर बैठें हैं। जीवात्मा उस वृक्ष के फलों को खाता है, परन्तु परमात्मा केवल साक्षी-रूप से उसे देखता है।[3]

इस मंत्र में स्पष्ट-रूप से प्रकृति का वर्णन किया गया है। (क्रमशः)

---

१. सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः।
ऋक् १०।१९०।३

२. नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमापरो यत्।
किमावरीवः कुहकस्य शर्म्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गम्भीरम्॥ (ऋ ७।१७।१)

३. द्वासुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं . . . . (यजु.)।

फरवरी १९७४ से आगे —

सामवेद-हिन्दी-पद्यानुवाद

(उत्तरार्चिक)

तृतीय प्रपाठक का प्रथम अर्ध

(दिक्पाल छन्द)

श्री विद्यानिधि शास्त्री

(८८६)

प्र त आश्विनीः पवमान धेनवो दिव्या असृग्रन् पयसा धरीमणि । प्रान्तरिक्षात् स्थाविरीस्ते असृक्षत ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः ॥

पवमान ! धेनु तेरी ये आशुगामिनी हैं ।
धरती पवित्र करती पय से भरी घनी हैं ॥
जो अन्तरिक्ष से भी स्थिर दिव्य सृष्ट होतीं ।
ब्रह्मादि देवगण से ऋषिसेव्य ! मृष्ट होतीं ॥

(८८७)

उभयतः पवमानस्य रश्मयो ध्रुवस्य सतः परियन्ति केतवः । यदी पवित्रे अधिमृज्यते हरिः सत्ता नि योनौ कलशेषु सीदति ॥

द्यौ भूमि में उभयतः कर नष्ट दृष्टि मैली ।
ध्रुव शुद्ध देव की ये किरणें पवित्र फैलीं ॥
मार्जित हरा भरा जो जग को करे स्ववश में ।
सत्ता स्वतन्त्र उसकी चमके हृदय-कलश में ॥

(८८८)

विश्वा धामानि विश्वचक्ष ऋभ्वसः प्रभोष्टे सतः परियन्ति केतवः । व्यानशी पवसे सोम धर्मणा पति विश्वस्य भुवनस्य राजसि ॥

हे विश्वचक्षु भगवन् ! प्रभु आपकी प्रभायें ।
परिपूर्ण सब जगह हैं सबको सदा सुहायें ॥
प्रिय सोम ! धर्म से तुम पति विश्व के बने हो ।
व्यापक पवित्र राजा सुन्दर बड़े सुने हो ॥

(८८९)

पवमानो अजीजनद् दिवश्चित्रं न तन्यतुम् । ज्योतिर्वैश्वानरं बृहत् ॥

पवमान देव ने ही यह सब जगत् बनाया ।
द्यौ में विचित्र विद्युत्-सम है वही समाया ॥
भारी प्रकाश ऊंचा सुखहेतु विश्व नर के ।
सब में भरा उसी ने निज भव्य सृष्टि करके ॥

(८९०)

पवमान रसस्तव मदो राजन्नदुच्छुनः । विवारमव्यमर्षति ॥

पवमान ! रस तुम्हारा राजन् ! बड़ा मधुर है ।
मादक विशुद्ध उत्तम देता नशा प्रचुर है ॥
दुःस्वप्न दुःख चिन्ता तुम देव ! दूर करते ।
अव्यय विमुक्ति सुख भी तुम हो सदैव झरते ॥

(८९१)

पवमानस्य ते रसो दक्षो विराजति द्युमान् । ज्योतिर्विश्वं स्वर्दृशे ॥

बलयुक्त शुद्ध रस है पवमान ! देव ! तेरा ।
द्युतिमान् बड़ा सुशोभित जग का हरे अंधेरा ॥
ज्योतिःस्वरूप अपना स्वर्धाम तुम दिखाओ ।
राजा बने विराजो ऋतुदक्षता सिखाओ ॥

(८९२)

प्र यद् गावो न भूर्णयस्त्वेषा अयासो अक्रमुः । घ्नन्तः कृष्णामप त्वचम् ॥

पवमान ! रस तुम्हारे विक्रम दिखा रहे हैं ।
वृषसम बलिष्ट उज्ज्वल गतियां सिखा रहे हैं ।।
देहादि आवरण की काली त्वचा मिटाते ।
चिति शक्ति को प्रकाशित कर दोष हैं हटाते ।।

(८९३)

सुवितस्य वनामहेऽति सेतुं दुराय्यम् ।
साह्याम दस्युमव्रतम् ।।

सौभाग्य हम मनावें, दुरदृष्ट सेतु लांघें ।
शुभ धर्म कर्म का ही वरदान पुण्य मांगें ।।
निज शक्ति से दबा दें व्रतहीन दस्युजन को ।
प्रभुभक्ति में लगादें निर्मल पवित्र मन को ।।

(८९४)

शृण्वे वृष्टेरिव स्वनः पवमानस्य शुष्मिणः ।
चरन्ति विद्युतो दिवि ।।

पवमान जिस बली ने यह सृष्टि है बनाई ।
स्थिर वृष्टितुल्य उसकी ध्वनि दे रही सुनाई ।।
द्यौ में प्रकाश करती विद्युत् विचर रही है ।
सर्वत्र दीप्त रस का संचार कर रही हैं ।।

(८९५)

आ पवस्व महीमिषं गोमदिन्दो हिरण्यवत् ।
अश्ववत् सोम वीरवत् ।।

हे इन्दु सोम ! सुन्दर रसनिर्झरी बहा दो ।
भरपूर अन्न धन यश सुख में हमें न्हला दो ।।
गौ अश्व धान्य सोना चांदी सभी विपुल दो ।
सन्तान वीर होवे ऐसा विशिष्ट बल दो ।।

(८९६)

पवस्व विश्वचर्षण आ मही रोदसी पृण ।
उषाः सूर्यो न रश्मिभिः ।।

हे विश्व के नियन्ता ! जीवन पवित्र कर दो ।
अपने प्रदीप्त रस से द्यौ भूमि लोक भर दो ।।
जैसे सुबह उषा में रवि है स्वरश्मि देता ।
वैसे प्रभो ! तुम्हारा रस है प्रकाश देता ।।

(८९७)

परिणः शर्मयन्त्या धारया सोम विश्वतः ।
सरा रसेव विष्टपम् ।।

सुख शान्तिधाम रस की धारा प्रभो ! तुम्हारी ।
जो दिव्य है उसी से विपदा हरो हमारी ।।
ज्यों भूमि सब तरफ से संसार को बसाती ।
त्यों आपकी दया भी सब पाप है नसाती ।।

(८९८)

आशुरर्ष बृहन्मते परि प्रियेण धाम्ना ।
यत्रा देवा इति ब्रुवन् ।।

भगवन् ! विशालबुद्धे ! जल्दी स्वरस बहाओ ।
प्रिय धाम काम से तुम शुभ सोम नाम पाओ ।।
तुम को जहां जहां भी सब देवता पुकारें ।
वे सब वहां वहां ही तुम को सदा निहारें ।।

(८९९)

परिष्कृणवन्ननिष्कृतं जनाय यातयन्निषः ।
वृष्टिं दिवः परिस्रव ।।

करते तुम्हीं परिष्कृत जग में बहिष्कृतों को ।
धरते सरल जनों के हित अन्न सद्व्रतों को ।
झरते द्युलोक से हो अतिमिष्ट वृष्टि जल को ।।
हरते प्रभो ! सदा हो सब कष्ट पाप मल को ।।

(९००)

अयं स यो दिवस्परि रघुयामा पवित्र आ ।
सिन्धोरूर्मा व्यक्षरत् ।।

जो देव दिव्य गुण से संयुक्त शुद्ध दिल में ।
बैठा क्षरित करे रस भवसिन्धु के सलिल में ।।
उठती तरङ्ग में भी वह ही सदा विराजे ।
अति शीघ्र यानकारी सब भव्य साज साजे ।।

(६०१)

सुत एति पवित्र आ त्विषिं दधान ओजसा ।
विचक्षाणो विरोचयत् ॥

अभिषुत हुआ भुवन को वह देव ही सुधारें ।
आता पवित्र दिल में शुचि तेज दीप्ति धारे ॥
द्रष्टा बना विचक्षण सब में विराजता है ।
अपनी चमक दिखाता प्रिय साज साजता है ॥

(६०२)

आ विवासन् परावतो अथो अर्वावतः सुतः ।
इन्द्राय सिच्यते मधु ॥

प्रिय सेवनीय मधु यह तैयार सोमरस है ।
अति दूर या निकट से अभिषुत हुआ सरस है ॥
ऐश्वर्य हेतु इसका सेचन करें हृदय में ।
जो भव्य दिव्यगुण है देता सभी समय में ॥

(६०३)

समीचीना अनूषत हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः ।
इन्दुमिन्द्राय पीतये ॥

पावे मजा अनूठा सम्यक् समाधि वाले ।
आदरसहित गुणों से हरि को भजें निराले ॥
जो इन्दु इन्द्र के हित पानार्थ ही बना है ।
उसका मिठास अनुपम सब से घना सुना है ॥

(६०४)

हिन्वन्ति सूरमुस्रयः स्वसारो जामयस्पतिम् ।
महामिन्दुं महीयुवः ॥

पति को सपत्नियां ज्यों बन कर बहिन परस्पर ।
वशवर्तिनी रिझावें, पावें महत्त्व घर पर ॥
अन्तःप्रवृत्तियां त्यों चाञ्चल्ययुक्त मन की ।
स्थिर शान्ति सौख्य पावें मिल इन्दु से सुजन की ॥

अथवा

आह्लाद शौर्यवाला प्रेरक महान् निराला ।
जो दीप्त सोमरस है दिल में करे उजाला ॥
उसको बहिन बनी ये दश इन्द्रियां मिलावें ।
होकर सरस सुगन्धित ईप्सित महत्त्व पावें ॥

(६०५)

पवमान रुचारुचा देव देवेभ्यः सुतः ।
विश्वा वसून्याविश ॥

पवमान देव ! सुत हो तुम भव्य दिव्यताहित ।
निजदीप्त दीप्तियों से संसार का करो हित ॥
सम्पूर्ण विश्व का धन हम में निविष्ट कर दो ।
अपना प्रकाश निर्मल दिल में अभीष्ट भर दो ॥

(६०६)

आ पवमान सुष्टुतिं वृष्टिं देवेभ्यो दुवः ।
इषे पवस्व संयतम् ॥

भगवन् ! झरो नियम से स्तुतियोग्य वृष्टिजल को ।
अन्नार्थ देवजनहित कर आई भूमितल को ॥
संतत विशुद्ध मन से मांगें दुवा तुम्हारी ।
पवमान देव ! तुम ही मेटो व्यथा हमारी ॥

(६०७)

जनस्य गोपा अजनिष्ट जागृविरग्निः सुदक्षः सुविताय नव्यसे । घृतप्रतीको बृहता दिविस्पृशा द्युमद्विभाति भरतेभ्यः शुचिः ॥

जन का सुदक्ष रक्षक यह अग्नि जागरित है ।
स्तोतव्य सत्क्रियाहित शुभ जन्म ले प्रथित है ॥
द्योस्पर्शिनी किरण से भारी करे उजाला ।
शुचि मर्त्यहेतु चमके घृत के प्रतीक वाला ॥

(६०८)

त्वामग्ने अङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वने वने । स जायसे मथ्यमानः सहो महत् त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः ॥

तुम हो हृदयगुहा में प्रभु ! आपको विमल मन ।
ढूंढें वनों वनों में स्थित भक्त अङ्गिरा जन ॥
भारी विचार मन्थन करके प्रकाश पाते ।
हे अग्नि अङ्गिरः! तुम बलपुत्र हो कहाते ॥

(९०९)

यज्ञस्य केतुं प्रथमं पुरोहितमग्निं नरस्त्रिषधस्थे समिन्धते । इन्द्रेण देवैः सरथं स बर्हिषि सीदन् नि होता यज्ञथाय सुक्रतुः ॥

तुम केतु यज्ञ के हो प्रभु जी ! प्रथम पुरोहित ।
पूजें त्रिकाल तुम को नर,आप भी करो हित ॥
इस बर्हि पर विराजो बन यज्ञहेतु होता ।
देवों सहित यहां पर है इन्द्र साथ होता ॥

(९१०)

अयं वां मित्रावरुणा सुतः सोम ऋतावृधा । ममेदिह श्रुतं हवम् ॥

ऋत सत्य के प्रवर्धक ! हे मित्र ! या वरुण हे ।
मेरे वचन सुनो तुम सन्देहलेश न रहे ॥
तैयार यह तुम्हारे हित सोमरस बना है ।
पीओ इसे मुदित हो सुन्दर मधुर घना है ॥

(९११)

राजानावनभिद्रुहा ध्रुवे सदस्युत्तमे । सहस्रस्थूण आशाते ॥

हो द्रोहहीन तुम तो निर्वैर मन वचन में ।
राजा बने विराजो ध्रुव उच्चतम सदन में ॥
स्थूणा जहां हजारों शोभित रहें भवन में ।
आनन्दहेतु दीखे कोई कमी न धन में ॥

(९१२)

ता सम्राजा घृतासुती आदित्या दानुनस्पती । सचेते अनवह्वरम् ॥

घृत से निषिक्त वे दो आदित्यपुत्र साथी ।
सम्राट् बने विराजें दुर्भाव के प्रमाथी ॥
अकुटिल सरल सुपथ में संलग्न हो रहे है ।
पति दानशील जन के सुखबीज बो रहे है ॥

(९१३)

इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः । जघान नवतीर्नव ॥

अत्युग्र वीर अकुतोभय इन्द्र ने पछाड़े ।
दुर्वृत्त वृत्ररूपी सब दैत्य चीर फाड़े ॥
ध्यानी महर्षियों की ले शक्तियां उखाड़े ।
दुर्दान्त आठ सौ दस आवरण के अखाड़े ॥

(९१४)

इच्छन्नश्वस्य यच्छिरः पर्वतेष्वपश्रितम् । तद्विदच्छर्यणावति ॥

तनरूप पर्वतों में चिति रूप अश्व का सिर ।
जो था छिपा, किया वह उपलब्ध इन्द्र ने फिर ॥
अति शुद्ध सोमरस के उन्मुक्त मुक्तिसर में ।
इच्छुक हुआ गया वह अटका न खण्डहर में ॥

(९१५)

अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम् । इत्था चन्द्रमसो गृहे ॥

रवि की किरण सुषुम्णा घुसती हिमांशु घर में
अन्तर्निहित पड़ी वह आती नहीं नजर में ॥
ज्योतिष विचार वाले यह सत्य तत्त्व मानें ।
प्रभुदेव की विलक्षण महिमा सभी न जानें ॥

(९१६)

इयं वामस्य मन्मन इन्द्राग्नी पूर्व्यस्तुतिः । अभ्राद् वृष्टिरिवाजनि ॥

हे इन्द्र अग्नि देवो ? स्तुति आपकी पुरानी ।
मैंने मनन सहित यह अनुभूत है बखानी ॥
हो वृष्टि मेघ से ज्यों धाराप्रवाह भारी ।
त्यों यह हुई प्रवाहित विपदा हरे हमारी ॥

(९१७)

शृणुतं जरितुर्हवमिन्द्राग्नी वनतं गिरः । ईशाना पिप्यतं धियः ॥

निज भक्त की पुकारें हे इन्द्र अग्नि ! सुनलो ।
सेवन करो गिरायें मुझको स्वभक्त चुन लो ॥
तुम हो समर्थ ईश्वर शुचि पुष्ट बुद्धि कर दो ।
कर्तव्य कर्म में स्थिर सदसद्विवेक भर दो ॥

(क्रमशः)

गुरुकुल-समाचार

महावीर 'नीर' विद्यालंकार

ऋतु-रङ्ग

ग्रीष्मसमयमधिकृत्य गीयताम् सम्प्रति हि—-
सुभगसलिलवगाहाः पाटलसंसर्गिसुरभिवनवाताः।
प्रच्छायसुलभनिद्रा दिवसाः परिणामरमणीयाः॥
अभि० शाकु० १।३॥

आजकल सभी शैक्षणिक विभागों में अवकाश होने के कारण गुरुकुलीय वातावरण कुछ निस्तब्ध सा लग रहा है। ज्येष्ठ अब अपने पूरे यौवन पर है। ग्रीष्मकालीन सूर्य की प्रखर किरणों से हरितिमा से युक्त गुरुकुलीय मैदान झुलस से गये हैं। पश्चिमीय वायु के गरम-गरम झोंके रेत और धूल का गुब्बार उड़ाते ही रहते हैं। कभी २ धूलभरी आंधियों के साथ गुरुकुलीय आकाश पर मेघों की गड़-गड़ाहट सुनकर मन-मयूर नाच उठता है किन्तु वर्षा के अभाव में तपन बहुत है। वातावरण क्षुब्ध सा है। जामुनों की टहनियां मोर से लद गई हैं। कुल में अमलतास की डालियों पर अंगूरों के गुच्छों के समान लगे पीले-पीले पुष्प-गुच्छ अपनी छटा तथा सुगंध से वातावरण को रमणीय और सुगन्धमय कर रहे हैं, उधर आम्र-शाखाओं पर झूलते हुए आम्र-फल अपनी ओर प्रत्येक आगन्तुक की दृष्टि को आकृष्ट कर अपना रसाल नाम सार्थक कर रहे हैं। कुलवासी ग्रीष्म के कठोर प्रभाव को प्रातः सायं गंगनहर में स्नान करके दूर कर सुख का अनुभव करते हैं। संध्या और रजनी अब दोनों ही सुख कर लगने लगी है। भ्रमणेच्छु प्रातः ५ बजे ही नहर के किनारे-किनारे घूम कर स्वास्थ्य लाभ करते हैं। कुल में मच्छर-मक्खी तथा चोरों का भय व्याप्त है। स्वास्थ्य सबका उत्तम है। इस माह रेलवे हड़ताल के कारण कुल-भूमि में यात्रियों का आना-जाना बहुत कम रहा।

विद्यालय-विभाग

गुरुकुल विद्यालय-विभाग में परीक्षाएं समाप्त होकर १५ मई से ग्रीष्मावकाश प्रारम्भ हो गया है। विद्यालय-अध्यापकों के परिश्रम से इस वार परीक्षा-परिणाम उत्तम रहा। १ जुलाई से विद्यालय का नया सत्र प्रारम्भ हो जाएगा। जो महानुभाव अपने बालकों को धार्मिक एवं अनुशासनबद्ध शिक्षा दिलाना चाहते हों वे नियमावली, आचार्य—गुरुकुल कांगड़ी के पते से प्राप्त कर सकते हैं। अब लगभग सभी ब्रह्मचारी ग्रीष्मावकाश में अपने घरों को चले गए हैं। शेष ब्रह्मचारी श्री पं. चन्द्रकेतु जी के अधिष्ठातृत्व में तैराकी आदि सीख रहे हैं। आचार्य श्री रामनाथ जी वेदालंकार अवकाश के इन दिनों में भी आश्रम और भण्डार आदि का निरीक्षण कर विद्यालय की उन्नति की दिशा में प्रगतिशील हैं। आशा है पूज्य पण्डित जी के धीर-गम्भीर एवं कुशल संरक्षकत्व में विद्यालय दिनोदिन बहुमुखी उन्नति करता जाएगा।

नव निर्वाचन

आर्य-समाज गुरुकुल कांगड़ी का वार्षिक निर्वाचन २७ अप्रैल १९७४ को श्री सुरेशचन्द्र जी त्यागी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से इस प्रकार सम्पन्न हुआ—-

१ प्रधान—-श्री भगवद्दत्त जी वेदालंकार।
२ उपप्रधान—-श्री डा० हरगोपालसिंह जी व श्री श्रीचन्द जी।
३ मन्त्री—-श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार।

४ उपमन्त्री—श्री डा० ताराचन्द्र जी व श्री आनन्द जी भारद्वाज ।
५ कोषाध्यक्ष—श्री जयसिंह जी ।
६ कार्यालयाध्यक्ष—श्री भैरवदत्त जी शास्त्री ।
७ पुस्तकालयाध्यक्ष—श्री सूरतसिंह जी ।
८ आय-व्यय-निरीक्षक—श्री शेखरानन्द जी ।

अन्तरंग-सभा के सदस्य निम्न मनोनीत हुए—

१ श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार ।
२ श्री डा० गंगाराम जी ।
३ श्री डा० निगम जी ।
४ श्री सुरेशचन्द्र जी त्यागी ।
५ श्री डा० राजेन्द्रकुमार जी ।
६ श्री ठाकुरसिंह जी भण्डारी ।
७ श्री प्रो० श्यामनारायणसिंह जी ।
८ श्री गप्तेश्वर जी ।
९ श्री प्रतापसिंह जी ।
१० श्री सुदर्शन कुमार जी मल्होत्रा ।
११ श्री शिवचरण जी विद्यालंकार ।
१२ श्री सूर्यप्रकाश जी ।
१३ श्री वाचस्पति जी ।
१४ श्री सोमदत्त जी (बिजली विभाग) ।
१५ श्री प्रमोदकुमार जी ।
१६ श्री ताजवर सिंह जी ।
१७ श्री केवलराम जी ।
१८ श्री हरिभजन जी ।
१९ श्री जगमोहन जी ।
२० श्री रामचन्द्र जी ।

प्रेरणादायी प्रवचन

आर्यसमाज गुरुकुल कांगड़ी के साप्ताहिक अधिवेशन के शुभावसर पर २५-५-७४ को आर्य-प्रतिनिधि सभा, पंजाब के वरिष्ठ उपप्रधान तथा तपे हुए आर्यनेता श्री लाला रामगोपाल जी शाल वाले का 'आर्यसमाज और गुरुकुल' विषय पर अत्यन्त सारगर्भित तथा प्रेरणादायी भाषण हुआ । श्री लाला जी ने अपने व्याख्यान में अनेक रहस्यमय बातों का उद्घाटन कर समस्त श्रोताओं को चकित कर दिया । उन्होंने बताया कि सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी सरदार भगतसिंह आर्य-समाजी थे । उन्होंने अपना यज्ञोपवीत-संस्कार भी आर्यसमाज में करवाया था । और उनके भोजन करने की थाली व गिलास आज भी कलकत्ता आर्यसमाज में रखे हैं । गिलास और थाली वाली बातावरण को काफी मार्मिक बना दिया । अपने आपको आर्यसमाज का एक पहरेदार बताते हुए उन्होंने गुरुकुल के समस्त निवासियों से आर्य-समाज और गुरुकुल की उन्नति में अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की । सभा में श्री रामलाल जी वैद्य तथा सुप्रसिद्ध इतिहासवेत्ता डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार भी विद्यमान थे । कुलवासी तथा आर्यसमाज इन सब महानुभावों का धन्यवाद करता है ।

भावभीनी विदाई

२२ मई को गुरुकुल कांगड़ी की सेवा छोड़कर जाने वाले सहायक मुख्याधिष्ठाता श्री सुखवीरसिंह जी राणा तथा कार्यालयाध्यक्ष श्री बलवानसिंह जी को कार्यालय आदि के समस्त सदस्यों की ओर से भावभीनी विदाई दी गई । श्री राणा जी ने अपने विदाई संदेश में कुल के सभी विभागों के प्रति सेवाकाल में जो प्यार, सम्मान एवं सहयोग दिया उसके लिए आभार प्रदर्शित किया तथा कहा कि आपकी यह जनप्रिय संस्था, आपका विभाग, आप और आपके सहयोगी बंधुओं का भविष्य सदैव उज्ज्वल हो ।

पत्रिका परिवार एवं कुलवासी आप दोनों महानुभावों का धन्यवाद करते हैं और आशा करते हैं कि कुल के प्रति आपका प्रेम पूर्ववत् बना रहेगा ।